# Daily Current Affairs

Date : 07 January, 2026

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान रीजनल AI इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस – 2026 |
| 2. | ‘राजस्थान AI-ML पॉलिसी – 2026’ लॉन्च |
| 3. | ‘मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0’ के प्रथम चरण में सीकर अव्वल |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. नेशनल AI लिटरेसी प्रोग्राम<br>2. आईस्टार्ट (iStart) लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम<br>3. राजस्थान AVGC-XR पोर्टल<br>4. राजस्थान हेल्पलाइन – 181<br>5. आइडियाथॉन स्टेट-लेवल चैंपियनशिप<br>6. RSLDC और CIPP के मध्य MoU<br>7. राजस्थान डिजिफेस्ट TiE ग्लोबल समिट में ‘गेम डेवलपमेंट चैलेंज’ |
| 5. | सोमनाथ मंदिर |
| 6. | कुषाण वंश |
| 7. | संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् – UNSC |
| 8. | वुल्फ सुपरमून |
| 9. | डिज़ाइन से सम्बद्ध प्रोत्साहन योजना – DLI |
| 10. | राष्ट्रीय पक्षी दिवस – 2026 |
| 11. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ई-प्रोडक्शन इन्वेस्टमेंट बिजनेस (e-B-4) वीज़ा |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान रीजनल AI इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस – 2026

### चर्चा में क्यों?

- 06 जनवरी, 2026 को जयपुर में 'राजस्थान रीजनल AI इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस – 2026' का आयोजन किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **टैगलाइन :** AI - सबकी पहुँच में, सबके लिए (Democratizing AI For Public Good)
- **आयोजन स्थल :** जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC), सीतापुरा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **आयोजक :** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) और सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजस्थान।
- **नोट :** कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा 'नेशनल AI लिटरेसी प्रोग्राम', 'राजस्थान AI-ML पॉलिसी-2026', 'आईस्टार्ट लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम', 'राजस्थान AVGC-XR पोर्टल' तथा 'राजस्थान AI पोर्टल' का शुभारंभ किया गया।
- उपर्युक्त पहलों के माध्यम से राज्य में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित शिक्षा, स्टार्टअप्स, शोध, कौशल विकास और डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी के उभरते हुए क्षेत्रों में नवाचार एवं उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा।

### गूगल, IIT दिल्ली एवं NLU जोधपुर से MoU:

- 06 जनवरी, 2026 को राजस्थान सरकार द्वारा गूगल, IIT दिल्ली एवं NLU जोधपुर के साथ महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) सम्पन्न किए गए।
- गूगल के सहयोग से स्वास्थ्य, कृषि, परिवहन और नागरिक सेवाओं जैसे क्षेत्रों में AI-ML आधारित पायलट परियोजनाओं के माध्यम से शासन को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।
- नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर के सहयोग से राज्य में विश्वसनीय, उत्तरदायी और नैतिक AI को बढ़ावा देते हुए सरकारी अधिकारियों, स्टार्टअप्स और पेशेवरों का क्षमता निर्माण किया जाएगा।
- IIT दिल्ली के साथ साझेदारी से AI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, शोध, स्किलिंग, हैकाथॉन, स्टार्टअप मेंटरिंग और उद्योग-शैक्षणिक-सरकारी सहयोग को मजबूती मिलेगी।
- **नोट :** राजस्थान सरकार द्वारा स्किल डेवलपमेंट नेटवर्क (वाधवानी फाउंडेशन) के साथ भी MoU किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ‘राजस्थान AI-ML पॉलिसी – 2026’ लॉन्च

## चर्चा में क्यों?

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा 06 जनवरी, 2026 को जयपुर में ‘राजस्थान रीजनल AI इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस – 2026’ के दौरान ‘राजस्थान AI-ML पॉलिसी – 2026’ को लॉन्च किया गया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **पूरा नाम :** राजस्थान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड मशीन लर्निंग (AI-ML) पॉलिसी - 2026
- **घोषणा :** इस नीति की घोषणा राजस्थान बजट 2025-26 में की गई थी।
- **अनुमोदन :** राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा 30 दिसंबर, 2025 को अनुमोदन किया गया।
- **उद्देश्य :** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के उत्तरदायी, नैतिक एवं सुरक्षित उपयोग से सार्वजनिक सेवा वितरण को अधिक त्वरित, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाना, प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि करना तथा नवाचार-आधारित आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना।
- साथ ही, राजस्थान को सूचना प्रौद्योगिकी (IT) और सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं (ITES) के हब के रूप में विकसित करना इस नीति के प्राथमिक उद्देश्यों में शामिल है।
- यह पॉलिसी सेवा प्रदायगी में सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्त्व को ध्यान में रखते हुए ई-गवर्नेंस के विस्तार को सुनिश्चित करेगी।
- **प्रावधान :** इस नीति के अंतर्गत AI सिस्टम्स पारदर्शी, जवाबदेह, निष्पक्ष, गोपनीयता-संरक्षित बनाने के साथ-साथ AI प्रणालियों में पक्षपात को कम करने, डेटा की सुरक्षा और निर्णय प्रक्रिया की स्पष्टता पर विशेष बल दिया गया है।
- नीति में AI से जुड़े साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग एवं समाधान हेतु स्पष्ट प्रक्रियाओं का प्रावधान भी किया गया है।
- इस नीति में स्कूलों, ITIs, पॉलिटेक्निक संस्थानों और कॉलेजों में AI शिक्षा को प्रोत्साहन दिए जाने का प्रावधान है।
- **नोट :** नीति में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना किए जाने का प्रावधान है।
- नीति के तहत प्रत्येक विभाग अपने-अपने कार्यक्षेत्र में AI उपयोग की संभावनाओं की पहचान करेगा तथा एक AI नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ‘मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0’ के प्रथम चरण में सीकर अव्वल

### चर्चा में क्यों?

- फरवरी, 2024 में शुरू किए गए ‘मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0’ के प्रथम चरण में सीकर ज़िले ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया।




### मुख्य बिन्दु:

- **प्रथम चरण का लक्ष्य :** प्रदेश के 5,000 से अधिक गाँवों में 1,10,000 जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- सीकर में इस योजना के तहत 12 ब्लॉकों की 65 ग्राम पंचायतों के 136 गाँवों को शामिल किया गया है। 31 दिसंबर, 2025 तक की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार सीकर ने निर्धारित 4513 कार्यों के मुकाबले 4820 कार्य पूर्ण कर 107 प्रतिशत प्रगति हासिल की, जो राजस्थान में सर्वाधिक है ।

**मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 (MJSA 2.0)**

- **घोषणा :** राजस्थान बजट 2024-25 में।
- **शुरुआत :** फरवरी, 2024 में राज्य सरकार द्वारा।
- **उद्देश्य :** राजस्थान में अधिकतम वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण और उपलब्ध जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करना।
- इस अभियान के अन्तर्गत नए एनीकट, खेत तालाब, मिनी परकोलेशन टैंक (MPT), सब सरफेस बैरियर (SSB) का निर्माण और पुराने जल संचयन संरचनाओं की मरम्मत आदि का कार्य किया जाता है।
- वर्ष 2024 से 2028 के दौरान MJSA 2.0 के तहत राज्य के 20,000 गांवों में 5,00,000 जल संचयन और जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान (MJSA)**


- **शुरुआत :** 27 जनवरी, 2016 को झालावाड़ ज़िले के गरदान खेड़ी गाँव से इस अभियान का शुभारंभ किया गया।
- **उद्देश्य :** ग्रामीण क्षेत्रों में जल की न्यूनतम आवश्यकता की पूर्ति करना, अकाल के समय जल की उपलब्धता एवं जल की कमी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान करना। वर्ष 2016 को 'जलक्रांति वर्ष' के रूप में चिह्नित किया गया।
- **नोट :** जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार देश भर के कुल 193 अत्यधिक जल दोहन वाले जिलों में राजस्थान के 29 जिले शामिल है। इस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश (38 जिले) के बाद राजस्थान का दूसरा स्थान है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## न्यूज़ इन शॉर्ट्स

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>न्यूज़</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>

**नेशनल AI लिटरेसी प्रोग्राम**




- **शुरुआत :** 06 जनवरी, 2026 को जयपुर में 'राजस्थान रीजनल AI इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस – 2026' के दौरान।
- **उद्देश्य :** आमजन को AI साक्षर बनाना और तकनीकी कौशल से लैस करना।
- **संचालन :** नेशनल AI लिटरेसी प्रोग्राम भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका नेतृत्व इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के अंतर्गत INDIAai (इंडियाAI) मिशन कर रहा है।
- 'युवा AI फॉर ऑल' इस कार्यक्रम का पहला चरण है, जिसमें चार घंटे के कोर्स के अन्तर्गत AI को सरल एवं व्यावहारिक रूप में समझाया जाएगा तथा क्रिएटिविटी, प्लानिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में इसके जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग के बारे में जानकारी दी जाएगी।

</td></tr>
</table>




UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


| 2. | आईस्टार्ट (iStart) लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम |
|---|---|




- **शुरुआत :** 06 जनवरी, 2026 को जयपुर में 'राजस्थान रीजनल AI इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस – 2026' के दौरान।
- डिजिटल लर्निंग को बढ़ाने एवं क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से शुरू किए गए 'आईस्टार्ट लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम' से प्रदेश में कौशल विकास, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।
- iStart राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (DoIT&C) की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य में स्टार्टअप्स, नवाचार (Innovation) और उद्यमिता को बढ़ावा देना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| 3. | राजस्थान AVGC-XR पोर्टल |
|---|---|




- **शुरुआत :** 06 जनवरी, 2026 को जयपुर में 'राजस्थान रीजनल AI इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस – 2026' के दौरान।
- AI-ML नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 'एनिमेशन, विजुअल इफैक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स एवं एक्सटेंडेड रियलिटी' के क्षेत्र में काम करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए 'राजस्थान AVGC-XR' पोर्टल और 'राजस्थान AI पोर्टल' लॉन्च किए गए हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **राजस्थान हेल्पलाइन – 181**<br><br><br>■ राजस्थान हेल्पलाइन 181 आमजन और सरकार के बीच संवाद और समाधान का एक सशक्त माध्यम है।<br>■ यह एक एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली के रूप में कार्य करता है तथा ऑनलाइन माध्यम से शिकायतों और सवालों को सीधे संबंधित विभागों तक पहुँचाया जाता है। |
| 5. | **आइडियाथॉन स्टेट-लेवल चैंपियनशिप**<br>■ **आयोजन :** राजस्थान डिजिफेस्ट TiE ग्लोबल समिट में।<br>■ **भागीदार :** राजस्थान के सभी संभागों से चुनी गई 24 टीमों ने भाग लिया।<br>■ **प्रथम स्थान :** टीम 'अधिकृत'। (पुरस्कार: ₹50,000) |
| 6. | **RSLDC और CIPP के मध्य MoU**<br>■ हाल ही में, राजस्थान स्किल एंड लाइवलीहुड्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (RSLDC) ने सेंटर फॉर इनोवेशन इन पब्लिक पॉलिसी (CIPP) के साथ एक महत्त्वपूर्ण समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।<br>■ इस MoU के तहत प्रदेश के 3.50 लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 7. | **राजस्थान डिजिफेस्ट TiE ग्लोबल समिट में 'गेम डेवलपमेंट चैलेंज'**<br>■ **भागीदार :** प्रतियोगिता में 76 टीमों के 240 गेम डेवलपर्स ने भाग लिया।<br>■ **आयोजक :** आउटलुक रेस्पॉन और सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा नॉडविन गेमिंग के सहयोग से किया गया।<br>■ **प्रथम स्थान :** MIT ADT यूनिवर्सिटी, पुणे। (पुरस्कार: ₹1,00,000)<br>■ **द्वितीय स्थान :** महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली। (पुरस्कार: ₹50,000)<br>■ **तृतीय स्थान :** VIT भोपाल यूनिवर्सिटी। (पुरस्कार: ₹25,000) |

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## सोमनाथ मंदिर

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री ने 1026 ईस्वी में सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम हमले के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर श्रृद्धांजली अर्पित की।




### मुख्य बिन्दु:

**सोमनाथ मंदिर अतिरिक्त जानकारी-**

- **अवस्थिति:** गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में वेरावल के निकट प्रभास पाटन में समुद्र तट पर स्थित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **महत्त्व:** भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ में स्थित है।
- **इतिहास:** इस पर पहली बार 11वीं शताब्दी में महमूद गजनवी ने हमला किया था। इसका उल्लेख अल-बरुनी ने भी किया है।
- **पुनर्निर्माण:** तत्कालीन उप-प्रधानमंत्री वल्लभभाई पटेल ने 12 नवम्बर, 1947 को सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का आदेश दिया था।
- 11 मई, 1951 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने मंदिर में प्रतिष्ठापन समारोह (प्राण-प्रतिष्ठा) सम्पन्न किया था।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कुषाण वंश

**चर्चा में क्यों?**

- पुरातत्वविदों ने वर्तमान पाकिस्तान के तक्षशिला के निकट यूनेस्को – विरासत स्थल से कुषाण काल के दुर्लभ सिक्के और सजावटी जवाहरात खोजे है।
- इन खोजों में लाजवर्द मणि जैसे बहुमूल्य जवाहरात भी शामिल है।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### अतिरिक्त जानकारी – कुषाण वंश

- **शासन:** पहली शताब्दी ईसा पूर्व से तीसरी शताब्दी ई. तक।
- **उत्पत्ति:** मध्य एशिया की यू-ची जनजाति से माना जाता है। कनिष्क प्रथम सबसे महान कुषाण शासक जिसने बौद्ध धर्म को संरक्षण दिया तथा चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन किया।
- **प्रशासन:** कुषाण साम्राज्य को क्षत्रपीय प्रणाली (प्रांतों) में विभाजित किया गया। इससे विकेन्द्रीकृत शासन व्यवस्था का संकेत मिलता है।
- **साम्राज्य विस्तार:** उत्तर-पश्चिम भारत (गांधार, कश्मीर), मथुरा क्षेत्र, गंगा-यमुना दोआब के माध्यम से पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ भाग तक।
- **अर्थव्यवस्था:** कुषाणों ने बड़ी संख्या में स्वर्ण सिक्के जारी किए। यह मुद्रा आधारित अर्थव्यवस्था और सुदूर व्यापारिक संबंधों की मजबूती का संकेत है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् – UNSC

### चर्चा में क्यों?

- **पाँच देश बहरीन, कोलंबिया, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लातविया और लाइबेरिया संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के अस्थाई सदस्य के रूप में 2 वर्ष के कार्यकाल के लिए चुने गए।**




### मुख्य बिन्दु:

**UNSC – अतिरिक्त जानकारी-**

- **स्थापना: संयुक्त राष्ट्र चार्टर के माध्यम से वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रमुख अंगों में से एक के रूप में स्थापित।**
- **सदस्य: (P5) 3 स्थाई सदस्य तथा 10 अस्थाई सदस्य।**
- **P5 में चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका।**
- **उद्देश्य: अन्तर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## वुल्फ सुपरमून

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, वुल्फ सुपरमून की घटना घटित हुई है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

**वुल्फ सुपरमून: अतिरिक्त जानकारी -**

- **वुल्फ सुपरमून:** यह जानकारी महीने की पहली पूर्णिमा का पारंपरिक नाम है।
- **सुपरमून:** जब चन्द्रमा पृथ्वी के सबसे निकटतम बिन्दु (पेरिगी) पर हो और उसी समय वह पूर्णिमा के रूप में दिखाई दे, तो उसे सुपरमून कहा जाता है। इस स्थिति में यह सामान्य से थोड़ा बड़ा और चमकीला दिखाई देता है।
- अत: वुल्फ सुपरमून एक प्रकार से वुल्फ मून व सुपरमून की मिश्रित स्थिति है। इसमें जनवरी माह की प्रथम पूर्णिमा का चन्द्रमा पृथ्वी के सबसे निकटतम बिन्दु पर होता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## डिज़ाइन से सम्बद्ध प्रोत्साहन योजना – DLI

### चर्चा में क्यों?

- केन्द्र सरकार ने डिज़ाइन से सम्बद्ध प्रोत्साहन योजना के तहत् 24 चिप डिज़ाइन परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की।



### मुख्य बिन्दु:

**DLI योजना:**

- **शुरुआत:** वर्ष 2021, सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम के तहत् शुरूआत।
- **नोडल मंत्रालय:** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।
- **कार्यान्वयन एजेंसी:** C-DAC – सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्युटिंग।
- **उद्देश्य:** घरेलू स्टार्ट-अप्स एवं MSMEs को वित्तीय प्रोत्साहन तथा उन्नत डिज़ाइन अवसंरचना प्रदान करके एक मजबूत और आत्मनिर्भर चिप डिज़ाइन तंत्र तैयार करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## राष्ट्रीय पक्षी दिवस – 2026

### चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय पक्षी दिवस 5 जनवरी, 2026 को मनाया गया जो पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में पक्षियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान आकर्षित करता है।




### मुख्य बिन्दु:

- **स्थापना:** वर्ष 2002 में एवियन वेलफेयर कोएलिशन द्वारा।
- **भारत का राष्ट्रीय पक्षी:** मोर (वर्ष 1963 में राष्ट्रीय पक्षी घोषित)
- **वैज्ञानिक नाम –** पावो क्रिस्टेटस
- मोर को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम – 1972 के तहत् संरक्षित किया गया है।
- सलीम अली को भारत का बर्डमैन कहा जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ई-प्रोडक्शन इन्वेस्टमेंट बिजनेस (e-B-4) वीज़ा**<br>■ भारत ने चीन के व्यवसायियों के लिए ई-प्रोडक्शन इन्वेस्टमेंट बिजनेस (e-B-4) वीज़ा शुरू किया। यह वीज़ा लगभग 45-50 दिनों में जारी किया जाएगा।<br>■ इस वीज़ा के तहत् भारत में अधिकतम 6 महिने तक रहने की अनुमति होगी। |

UTKARSH CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR